53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.9°c अधिकतम 33.5 °c

**अमृतवाणी**

खुशी महज मन की एक आंतरिक भावना है, जिसे बुरे समय में भी पैदा किया जा सकता है।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:51, सूर्यास्त - 6:51 | वर्ष : 53/अंक : 232 शनिवार, 23 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

प्रधानमन्त्री,गया में नीतीश कुमार की राजनीति और उनकी पार्टी का पिण्डदान करने आ रहे हैं : लालू प्रसाद यादव




ये सियासत की एक खूबी है... चोर की भी जबान चलती है......

## ग्यारह लाख की लूट में वांछित चल रहा 1 लाख का इनामी बदमाश एसटीएफ मेरठ व नई मण्डी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** पुलिस को लगातार बड़ी सफलताएं हाथ लग रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मेरठ एसटीएफ व नई मण्डी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। अप्रैल से पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाए इनामी बदमाश रवि को गिरफ्तार कर लिया। आपको बता दें कि रवि छोटा-मोटा बदमाश नहीं है, गिरफ्तार बदमाश कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई के शार्प शूटर सन्नी काकरान के लिए काम करता है। इनामी बदमाश रवि ने भोपा रोड पर 18 अप्रैल को बाइक से भूसा व्यापारी प्रवीण से 11 लाख रुपये की लूट की थी। जब प्रवीण ने वारदात का विरोध किया तो दहशत फैलाने के लिए रवि फायरिंग करता हुआ भाग जाने में सफल हुआ था। बड़ी बात यह थी कि पुलिस को कई दिनों तक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद यह तक पता नहीं लग पाया था कि आखिर भोपा रोड से पुल की ओर आते रवि एकाएक गायब कहां हो गया था।

पुलिस की मानें तो शुक्रवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि इनामी बदमाश बागोवाली की ओर घूम रहा है। साथ ही साथ मेरठ एसटीएफ की टीम उसका पीछा कर रही है। इसी बीच नई मण्डी थाना प्रभारी दिनेश बघेल व एसटीएफ मेरठ ने 1 लाख रुपये के इनामी बदमाश रवि को घेर लिया। पुलिस के अनुसार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल, कारतूस व बाइक बरामद की है। थाना प्रभारी की मानें तो बदमाश रवि पर हत्या व अन्य आपराधिक मामलो के यूपी व दिल्ली राज्यों में 20 से अधिक मामले दर्ज हैं तथा वह दिल्ली से भी लूट के मामले में वांछित चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था।





## पुराने वाहनों को लेकर बड़ी अपडेट, रजिस्ट्रेशन फीस दें और चलाते रहें

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने पुराने वाहनों के दोबारा रजिस्ट्रेशन यानि कि फीस में बड़ा इजाफा किया है। इसको लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नया नोटिफिकेशन जारी किया है। सरकार के अनुसार, इस कदम का मकसद देश में 15 साल से ज्यादा पुराने वाहनों के इस्तेमाल को कुछ हद तक कम करना है। अब तक केवल 15 साल तक के पुराने वाहनों का रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण कराना संभव था, लेकिन नए नियम के मुताबिक, 20 साल से ज्यादा पुराने वाहनों के लिए भी यह सुविधा मिलेगी। हालांकि इसके लिए रजिस्ट्रेशन फीस को बढ़ाने का ऐलान किया गया है। सरकार के मुताबिक, गाड़ियों की उम्र बढ़ाने से वाहन मालिकों को राहत मिलेगी और पुराने वाहनों का उपयोग कानूनी रूप से संभव रहेगा। यह नियम पूरे देश में लागू होंगे, लेकिन दिल्ली-एनसीआर को इसमें छूट दी गई है। यहां पहले से ही पुराने वाहनों पर सख़्त पाबंदियां लागू हैं। सरकार का मानना है कि यह कदम पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों से हटाने में मदद करेगा, जिससे प्रदूषण नियंत्रण और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा।



**नए नियमों के तहत अलग-अलग श्रेणियों के वाहनों की फीस इस प्रकार से तय की गई है**

| | |
|---|---|
| ▶▶ इनवैलिड कैरिज | रु.100 रुपये |
| ▶▶ मोटरसाइकिल | रु.2,000 रुपये |
| ▶▶ थ्री-व्हीलर/क्वाड्रिसाइकिल | रु. 5,000 रुपये |
| ▶▶ लाइट मोटर व्हीकल (कार आदि) | रु. 10,000 रुपये |
| ▶▶ इंपोर्टेड मोटर वाहन (2 या 3 पहिया) | रु. 20,000 रुपये |
| ▶▶ इंपोर्टेड मोटर वाहन (4 या अधिक पहिया) | रु. 80,000 रुपये |
| ▶▶ अन्य वाहन | रु. 12,000 रुपये |

## प्रोपर्टी डीलर को तमंचे के बल पर आतंकित कर बाइक व नकदी लूटी

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** गुरूवार देर रात नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर रोड पर नकाबपोश बदमाशों ने उस समय प्रोपर्टी डीलर को तमंचे के बल पर आतंकित कर लूट लिया, जब वह रात्रि में लगभग 10 बजे नसीरपुर रोड पर जा रहा था। व्यापारी शमशाद का बताना है कि वह मौहल्ला न्याजूपुरा में प्रोपर्टी डीलिंग का काम करता है और गुरूवार की देर रात दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे नसीरपुर रोड पर रोका और तमंचा दिखाकर उससे बाइक, पर्स व मोबाइल लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार उसके पर्स में साढे चार हजार रुपये और जरूरी कागजात थे। लुटने के बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी तो नई मण्डी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेशचंद्र बघेल का कहना है कि बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

## रिकाउंटिंग में फिर से जीते प्रधान धर्मपाल सिंह

### ▶▶ पहले 19 व रिकाउंटिंग में जीते 20 मतों से

**बुढ़ाना/ शाहपुर, 22 अगस्त (बु.)।** रिकाउंटिंग में एक बार फिर से प्रधान धर्मपाल सिंह की ही जीत हुई। मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड शाहपुर के ग्राम गोयला के ग्राम प्रधान पद के लिए पुनर्मतगणना में धर्मपाल सिंह फिर से विजयी घोषित किए गये। पहले 19 वोट से जीत हासिल कर धर्मपाल ने ग्राम प्रधान पद पर अपना कब्जा जमाया था और अब पुनर्मतगणना में धर्मपाल 20 वोट से जीत गए। ग्राम प्रधान का ताज उनके सिर पर बरकरार रहा। उनके समर्थकों ने इस जीत को ईमानदारी की जीत बताया। बुढ़ाना तहसील के सभागार में आज शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अपूर्वा यादव के आदेश पर ग्राम गोयला के प्रधान पद के लिए पुनर्मतगणना हुई। उप जिलाधिकारी अपूर्वा यादव ने बताया कि गोयला में ग्राम प्रधान पद के लिए 5 हजार 465 वोट पड़े थे। 144 वोट निरस्त हो गए। वैध मत 5331 पड़े हैं। पुनर्मतगणना में धर्मपाल को 1579 तथा उप विजेता सुभाष चंद को 1559 वोट मिले। 20



वोट अधिक मिलने के कारण धर्मपाल सिंह एक बार फिर से गांव गोयला के प्रधान बन गए। बीते वर्ष 2021 के त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव में मतगणना के बाद धर्मपाल सिंह को प्रधान के पद पर विजयी घोषित किया गया था। उप विजेता सुभाष चंद ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उप जिला अधिकारी बुढ़ाना न्यायालय में बीती 23 जुलाई सन 2021 को पुनर्मतगणना कराए जाने के लिए एक याचिका दायर की थी। तत्कालीन उप जिलाधिकारी बुढ़ाना ने बीते 19 अक्टूबर सन 2023 को सुनवाई में याचिका को निरस्त कर दिया था। उप जिला अधिकारी के आदेश के विरोध में सुभाष चंद मुजफ्फरनगर में अपर एवं जिला सत्र न्यायधीश की शरण में चले गए थे। बीती 31 मई सन 2024 को अपर एवं जिला सत्र न्यायालय ने याचिका को खारिज करते हुए पुनः उप जिला अधिकारी बुढ़ाना न्यायालय को भेज दिया था। उप जिलाधिकारी अपूर्वा यादव ने 22 अगस्त को आदेश पारित किया। बुढ़ाना तहसील में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई पुनर्मतगणना के बाद धर्मपाल 20 वोट अधिक लेकर विजयी घोषित हुए। उप जिलाधिकारी व सीओ ने विजेता धर्मपाल को शांतिपूर्वक गांव में जाने को कहा, वहीं सीओ ने रैपिड एक्शन फोर्स व शाहपुर पुलिस के संग पूरे गांव गोयला में पैदल मार्च निकाला और किसी को भी जमावड़ा ना लगाने और किसी भी तरह की अफवाहों से बचने को कहा।

## हास्य कलाकार जसविंदर भल्ला का निधन

**चंडीगढ़, 22 अगस्त (एजेंसी)।** पॉपुलर पंजाबी हास्य कलाकार जसविंदर भल्ला का 22 अगस्त को निधन हो गया। उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 65 वर्ष के थे। 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे मोहाली के बलौंगी स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके



निधन की खबर से पंजाबी फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की खबर से फैंस और साथी कलाकार सदमे में हैं। सोशल मीडिया पर उनके सहयोगियों और प्रशंसकों की ओर से श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्होंने अपनी कॉमेडी से लोगों को खूब गुदगुदाया और लाखों दिलों पर राज किया। पंजाबी सिनेमा को उन्होंने अपने अभिनय से नए मकाम तक पहुंचाया। जसविंदर भल्ला पंजाबी सिनेमा में अपनी हास्य भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध थे और उन्हें पंजाबी फिल्म उद्योग के सबसे लोकप्रिय हास्य कलाकारों में से एक माना जाता था।

## शाहपुर क्षेत्र में पलटी कार, एक की मौत, दो घायल



**शाहपुर, 22 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलटने से कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। थाना क्षेत्र की कुटबा पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि भौराकलां थाना क्षेत्र के कस्बा सिसौली निवासी ताहिर, तैयब व साहिब कार में सवार होकर शाहपुर की ओर से सिसौली वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार की गति काफी तेज थी, जब वह गांव आदमपुर से आगे मोड़ पर पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर पास के ही गन्ने के खेत में पलट गई, जिसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को शामली स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान 26 वर्षीय ताहिर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अन्य दोनों घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों ने कोई भी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया।

## जीएसटी में हुआ बदलाव, हर तबके को मिलेगा लाभ

### केंद्र सरकार के फैसले से छोटे व्यापारी से लेकर हर तबके को होगा फायदा

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार 15 अगस्त पर दिया गया लाल किले से भाषण हमारे इतिहास में एक छाप छोड़ गया है। कारण है जीएसटी स्लैब में बदलाव की घोषणा। अब इसका राष्ट्रीय स्तर पर क्या फायदा होगा? इसका विश्लेषण तो हर कोई करेगा, लेकिन छोटे तबके और व्यापारी को इसका क्या फायदा होगा? इसका विश्लेषण आपको मुजफ्फरनगर बुलेटिन करके देगा।

आपको बता दें कि जब से जीएसटी स्लैब की घोषणा हुई थी, तबसे व्यापारी वर्ग इसको लेकर नाराज चल रहा था, लेकिन इस बार हुए बदलाव ने छोटे तबके के लोगों को खुश करने के काम किया है। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अगुवाई वाली इस बैठक में तय किया गया कि मौजूदा चार टैक्स स्लैब (5%, 12%, 18% और 28%) को घटाकर सिर्फ दो% कर दिया जाएगा। इसके




तहत 5% को मेरिट रेट माना जाएगा, जिसमें जरूरी सामान आएंगे। 18% को स्टैंडर्ड रेट माना जाएगा, जिसमें बाकी ज्यादातर सामान और सेवाएं शामिल होंगी।

इसके अलावा, तंबाकू, सॉफ्ट ड्रिंक्स और फास्ट फूड जैसी चीजों पर 40% का सिन टैक्स रहेगा। माना जा रहा है कि इससे टैक्स स्ट्रक्चर आसान होगा और कॉम्प्लायंस भी बेहतर होगा। अब इस पर अंतिम फैसला सितंबर में जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में होगा। इसके अलावा आपको यह जानना भी जरूरी है कि रियल एस्टेट सैक्टर की बात करें तो अभी अलग-अलग कंस्ट्रक्शन मैटेरियल पर अलग-अलग जीएसटी लगता है। जैसे सीमेंट पर 28%, स्टील पर 18%, पेंट पर 28% और टाइल्स व सैनेटरी वेयर पर 18%। इन ऊंचे टैक्स रेट्स की वजह से डेवलपर्स की लागत बढ़ जाती है और इसका असर सीधे घर की कीमतों पर पड़ता है। एनसीआर मार्केट में पहले ही जीएसटी ने पारदर्शिता लाई है। 2019 में अंडर-कंस्ट्रक्शन मकानों पर जीएसटी 12% (आईटीसी के साथ) से घटाकर 5% (बिना आईटीसी) कर दिया गया था। इसका असर यह हुआ कि खरीदारों का भरोसा लौटा और नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद जैसे इलाकों में बिक्री तेज हो गई। सिर्फ 2024 की पहली छमाही में ही एनसीआर में 38,200 घर बिके, जो पिछले साल से 25% ज्यादा है। हालांकि इनपुट टैक्स क्रेडिट न मिलने से डेवलपर्स को दिक्कत आती है और किफायती मकान बनाना चुनौती बना रहता है।

इस मामले में बुलेटिन को जानकारी देते हुए जीएसटी मामलों के विशेषज्ञ डॉक्टर एनके अरोरा ने बताया कि जीएसटी काउंसिल के मंत्रियों के समूह ने 12% और 28% के स्लैब को खत्म करने की मंजूरी दी है। अब जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब 5% और 18% ही होंगे। इसको भी दो



भागों में बांटा है। कुछ आइटम 18% के दायरे में चली जाएंगी और कुछ 5% के दायरे में जाएंगी। उन्होंने बताया जैसे एक ई-रिक्शा का कुछ सामान 5% के दायरे में आता है और लोहा 18% के दायरे में आता है। इसमें सैक्शन- 54 इनवरटेड टैक्स स्ट्रेक्चर के तहत होता है।

## फैक्ट्री पर जीएसटी का छापा, 40.51 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

**जानसठ, 22 अगस्त (बु.)।** गांव सलारपुर में स्थित फैक्ट्री पर जीएसटी विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की गई। टीम ने भारी अनियमितता मिलने पर फर्म से 40 लाख 51 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। संयुक्त कमिश्नर एसआईबी सिद्धेश दीक्षित के नेतृत्व में डिप्टी कमिश्नर एसआईबी मनोज शुक्ला व उनकी टीम ने गांव सलारपुर में स्थित रिसायकिल फैक्ट्री में अनियमितता पकड़ी। फैक्ट्री में बिहार, पंजाब और देहरादून आदि से माल बिक्री व खरीदारी




होती मिली। राज्य वस्तु एवं सेवाकर के एसबीआई यूनिट संयुक्त कमिश्नर सिद्धेश कुमार दीक्षित ने बताया कि शिकायत के आधार पर जानसठ क्षेत्र के गांव सलारपुर में स्थित रिसायकिल फैक्ट्री में जांच की गई। जांच के दौरान फैक्ट्री परिसर में वाहन अनलोड होते मिले। जीएसटी पोर्टल पर जांच करने पर पाया गया कि वाहन ई-वेबिल अन्य राज्यों से दूसरे वाहन पर ई-वेबिल के लिए जारी किया गया है। फैक्ट्री से 40 लाख 51 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं दूसरी ओर जीएसटी विभाग की छापेमारी से हड़कंप मचा रहा और कई फैक्ट्रियों के गेट बंद नजर आए।

## जीएसटी परिषद की बैठक तीन-चार सितंबर को दिल्ली में होगी

**नयी दिल्ली, 22 अगस्त (वार्ता)** माल एवं सेवा कर(जीएसटी) परिषद की 56वीं बैठक राष्ट्रीय राजधानी में तीन और चार सितंबर को होगी। परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस बैठक से पहले दो सितंबर को नयी दिल्ली में ही अधिकारियों की बैठक होगी एक बैठक होगी। परिषद ने अभी बैठक का एजेंडा प्रसारित नहीं किया है। परिषद की अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार सरकार दिवाली पर दिवाली तक जीएसटी का एक बड़ा तोहफा देश को देगी।

## आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, टीका लगाकर वापस उसी इलाके में छोड़े जाएंगे कुत्ते

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पकड़े गए आवारा कुत्तों को टीका लगातर वापस उसी इलाके में छोड़ने का आदेश दिया है, जहां से उनको पकड़ा गया था। बता दें कि यह फैसला तीन जजों की बेंच ने सुनाया है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने डॉग लवर्स के हित में यह फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजने वाले अपने ही आदेश में संशोधन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ बातों को सख्ती से लागू करने का आदेश भी दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मुद्दे को लेकर फैसला सुनाया। स्पष्ट किया कि सिर्फ निर्धारित जगहों पर ही कुत्तों की फीडिंग की जाएगी। इसके अलावा, कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कोई इन नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को फीडिंग करने की अनुमति नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित है। ऐसा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि आज के फैसले के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त के उस फैसले पर रोक लगा दी



है, जिसमें दिल्ली एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने को कहा गया था। अपने फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कुत्तों को शेल्टर होम में नहीं रखा जाएगा, उनकी नसबंदी के बाद उन्हें छोड़ दिया जाएगा। हालांकि, बीमार और आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में रखवाना होगा। बता दें कि जस्टिस विक्रमनाथ की अगुवाई में तीन जजों की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में नोटिस भी जारी किया है।

## अगर आदेश नहीं माने तो लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कहा कि इस धनराशि का उपयोग संबंधित नगर निकायों के तत्वावधान में आवारा कुत्तों के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण और अन्य सुविधाओं में किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले प्रत्येक कुत्ता प्रेमी और प्रत्येक एनजीओ को सात दिन के भीतर इस अदालत की रजिस्ट्री में क्रमश 25,000 रुपए और दो लाख रुपए जमा कराने होंगे। ऐसा न करने पर उन्हें मामले में आगे शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि शेल्टर होम भेजे गए सभी कुत्ते छोड़े जाएंगे। वहीं हिंसक और बीमार कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा। आवारा कुत्तो को पकड़ने के काम में बाधा डालने वाले को जुमार्ना भरना होगा। व्यक्ति विशेष को 25 हजार और NGO को दो लाख का जुर्माना भरना होगा।

